# SAMPLE PAPER (2026-27)

**Class – 9th** **Code No. 17**

## SOCIAL SCIENCE
## सामाजिक विज्ञान

**(History, Political Science, Geography and Economics)**
**( इतिहास राजनीति विज्ञान भूगोल और अर्थशास्त्र)**

**( Academic/ Open)**
**(अकादमिक/ओपन)**

**Hindi and English Medium**
**हिंदी और अंग्रेजी माध्यम**

**(अनुमानित: समय 3 घंटे)** **(अधिकतम अंक 80)**

**Time Allowed : 3 hours** **Maximum Marks: 80**

**General Instructions.**

- कृपया सुनिश्चित करें कि इसमें 40 प्रश्न हैं।
  **Please ensure that there are 40 questions.**
- प्रश्न पत्र के दाएं और कोड संख्या और सेट को अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के पहले पृष्ठ पर लिखा जाना चाहिए।
  **The candidate should write the code number and set on the first page of the answer sheet.**
- किसी प्रश्न का उत्तर देना शुरू करने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखना चाहिए।
  **Before starting to answer a question, the serial number should be written.**
- उत्तर पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी। बिंदु पर लिखें और लिखित उत्तर न काटें।
  **No additional answer sheet will be provided apart from the answer sheet. Write in points and do not strike out written answers.**
- परीक्षार्थी प्रश्न पत्र पर अपना रोल नंबर अवश्य लिखें। रोल नंबर के अतिरिक्त प्रश्न पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें।
  **The candidate should write their roll number on the question paper. Nothing else should be written on the question paper apart from the roll number.**
- प्रश्नों के उत्तर देने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपको सही और पूर्ण प्रश्न पत्र दिया गया है। परीक्षा के बाद इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

www.mseducationtv.com

- **<u>Before answering the questions, ensure that you have been given the correct and complete question paper. No claims will be entertained after the examination in this regard.</u>**

सामान्य निर्देश।

General Instruction:

- Read the following instructions very carefully and strictly follow them.
- (i) Question paper comprises six sections A, B, C, D, E and F. There are 40 questions in the questions paper. All questions are compulsory.
- (ii) Section A-Question no 1 to 20 are Objective questions ( 1 to 20 -multiple choice ) carrying 1 mark each.
- (iii) Section B-Question no 21 to 28 are very short questions, carrying 2 marks each.
- (iv) Section C- Question no 29 to 32 are case study questions carrying 3 marks each.
- (v) Section D- Questions no 33 to 36 are short answer type questions, carrying 3 marks each.
- (VI) Section-E Questions no. 37 to 39 are long answer type questions, carrying 5 marks each. Answers to each question should not exceed 120 words.
- (vii)Section F- Questions no 40 is map based, carrying 5 marks. Part A is from history (2marks) and part B is from geography (3 marks).
- (viii) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.
- (IX) Attach map along with your answer book.
- (x) In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary

**Section – A (1x20)**

**(वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न)**

www.mseducationtv.com

(Objective type Questions)

**1. Widow remarriage act got legal recognition in ______ A.D.**

**विधवा पुनर्विवाह अधिनियम को कानूनी मान्यता किस वर्ष मिली?**

A) 1856
B) 1947
C) 1905
D) 1847

**2. ___________ said that the distinction between man and woman is not natural because it is only a physical distinction that is not recognized by God.**

**किसने कहा कि स्त्री और पुरुष में भेद प्राकृतिक नहीं है क्योंकि यह केवल शारीरिक भेद है जिसे ईश्वर नहीं मानता?**

A) Dr. B.R. Ambedkar — डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
B) Swami Dayanand — स्वामी दयानंद
C) Swami Vivekanand — स्वामी विवेकानंद
D) Arvind Ghosh — अरविंद घोष

**3. Who founded Ramkrishan Mission?**

**रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की?**

A) Vivekanand — विवेकानंद
B) Veer Savarkar — वीर सावरकर
C) Sardar Patel — सरदार पटेल
D) None of the Above — उपरोक्त में से कोई नहीं

**4. When was Khudiram Bose hanged?**

**खुदीराम बोस को फांसी कब दी गई?**

A) 1921
B) 1923
C) 1908

D) 1920

**5. Who is the author of the national song?**

www.mseducationtv.com

**राष्ट्रीय गीत के रचयिता कौन हैं?**

A) Ravindera Nath Tagore — रवींद्रनाथ टैगोर
B) Bankim Chander Chatterji — बंकिम चंद्र चटर्जी
C) Subhash Chander Bose — सुभाष चंद्र बोस
D) None of the above — उपरोक्त में से कोई नहीं

**6. What is the westernmost longitude of India?**

**भारत का सबसे पश्चिमी देशांतर कौन-सा है?**

A) 77°25' E — 77°25' पूर्व
B) 68°7' E — 68°7' पूर्व
C) 97°25' E — 97°25' पूर्व
D) 82°25' E — 82°25' पूर्व

**7. Which is the largest state of India on the basis of area?**

**क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?**

A) Maharashtra — महाराष्ट्र
B) Madhya Pradesh — मध्य प्रदेश
C) Uttar Pradesh — उत्तर प्रदेश
D) Rajasthan — राजस्थान

**8. Tropic of Cancer passes through how many states of India?**

**कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?**

A) 6
B) 7
C) 8
D) 9

**9. What is the system of government in which the rulers are chosen on hereditary basis?**

**वह शासन प्रणाली कौन-सी है जिसमें शासकों का चुनाव वंशानुगत आधार पर होता है?**

A) Dictatorship — अधिनायकतंत्र
B) Democracy — लोकतंत्र
C) Oligarchy — कुलीनतंत्र
D) Monarchy — राजतंत्र

www.mseducationtv.com

**10. Who was the chairman of the Constituent Assembly?**

**संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे?**

A) Rajendra Prasad — राजेंद्र प्रसाद
B) Bal Gangadhar Tilak — बाल गंगाधर तिलक
C) Bhim Rao Ambedkar — भीमराव अम्बेडकर
D) None of the Above — उपरोक्त में से कोई नहीं

**11. When did the Constitution of India come into force?**

**भारतीय संविधान कब लागू हुआ?**

A) 26 January 1950 — 26 जनवरी 1950
B) 26 November 1949 — 26 नवंबर 1949
C) 26 July 1946 — 26 जुलाई 1946
D) None of the Above — उपरोक्त में से कोई नहीं

**12. Which institution is responsible for conducting General Election in India?**

**भारत में आम चुनाव करवाने के लिए कौन-सी संस्था उत्तरदायी है?**

A) Parliament — संसद
B) Election Commission — निर्वाचन आयोग
C) Supreme Court of India — भारत का सर्वोच्च न्यायालय
D) None of the Above — उपरोक्त में से कोई नहीं

13. Fundamental Rights are described in part ________ of Indian Constitution.
भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का वर्णन भारतीय संविधान के ____________में किया गया है।

14. The Green Revolution is associated with increasing in _____.
हरित क्रांति ______________में वृद्धि से संबंधित है।

15. Banks, School and Courts falls under ________sector.
बैंक, विद्यालय और न्यायालय __________ क्षेत्रक के अंतर्गत आते हैं?

16. How much calories are recommended per person per day in urban area of India?
भारत के शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कितनी कैलोरी की आवश्यकता मानी गई है?

17. According to 2011 census what percentage of population in India is below poverty line?
2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कितनी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे है?

www.mseducationtv.com

18. Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojna was launched in which year?
स्वर्णजयंती ग्राम स्वरोजगार योजना किस वर्ष शुरू की गई?

19. <u>अभिकथन :–</u> नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1943 ईस्वी में आजाद हिंद फौज की बागडोर संभाली।

<u>कारण :–</u> नेताजी ने हिंदू ,मुस्लिम, सिक्ख सभी को सेना में समान रूप से भर्ती करके सांप्रदायिक एकता व सौहार्द उत्पन्न किया।

**A)** **A** और **R** दोनों सत्य है और **R**, **A** की सही व्याख्या है ।

**B) .A** और **R** दोनों सत्य है और **R**, **A** की सही व्याख्या नहीं है ।

**C) A** गलत है लेकिन **R** सही है ।

**D)** **A** और **R** दोनों सत्य हैं ।

**<u>Assertion</u>**: Netaji Subhas Chandra Bose took charge of the Azad Hind Fauj in 1943.

**<u>Reason:</u>** Netaji promoted communal unity and harmony by recruiting Hindus, Muslims, and Sikhs equally in the army.

**A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A .**

**B) Both A and R are true and R is not the correct explanation of A .**

**C) A is false but R is true.**

**D) Both A and R are true.**

20. <u>अभिकथन :</u> संविधान बाल श्रम पर भी प्रतिबंध लगाता है।
<u>कारण :</u> कोई भी व्यक्ति चौदह वर्ष से कम आयु के बच्चे को किसी कारखाने या खदान या रेलवे और बंदरगाहों जैसे किसी अन्य खतरनाक काम में काम करने के लिए नियुक्त नहीं कर सकता है।

**A)** **A** और **R** दोनों सत्य है और **R**, **A** की सही व्याख्या है ।

**B) .A** और **R** दोनों सत्य है और **R**, **A** की सही व्याख्या नहीं है ।

**C) A** गलत है लेकिन **R** सही है ।

**D)** **A** और **R** दोनों सत्य हैं ।

Assertion: The Constitution also prohibits child labor.

Reason: No one can employ a child below the age of fourteen to work in any factory or mine or in any other hazardous work, such as railways and ports.

**A) Both A and R are true and R is the correct explanation of A .**

**B) Both A and R are true and R is not the correct explanation of A .**

www.mseducationtv.com

**C) A is false but R is true.**

**D) Both A and R are true.**

## Section – B (2x8)
## (अति लघुउत्तरात्मक प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

21. What was Kuka Movement?
कूका आंदोलन क्या था?

22. What was the Kamagatamaru incident?
कामागाटामारू घटना क्या थी?

23. What is meant by Multipurpose Projects?
बहुउद्देशीय परियोजनाओं से क्या अभिप्राय है?

24. What is meant by Western Disturbance?
पश्चिमी विक्षोभ से क्या अभिप्राय है?

25. Write any two arguments in favor of democracy.
लोकतंत्र के पक्ष में कोई दो तर्क लिखिए।

26. Write the Fundamental Rights mentioned in the Indian Constitution.
भारतीय संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार लिखिए।

27. Define Birth rate and Death rate.
जन्म दर तथा मृत्यु दर की परिभाषा दीजिए।

28. What is disguised unemployment?
प्रच्छन्न बेरोजगारी क्या है?

## Section – C (3x4)
## Source Based Questions

**29.** भारत के विभाजन का मुख्य कारण मुस्लिम लीग की सांप्रदायिक विचारधारा थी। **1906** ई० में मुस्लिम लीग की स्थापना अंग्रेजी सरकार के प्रोत्साहन से ही हुई थी। मुस्लिम लीग ने अपने उद्देश्य में स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय मुसलमानों के पृथक राजनीतिक अस्तित्व के रूप में उनके हितों की रक्षा करेगी। मुस्लिम लीग के कांग्रेस के साथ संबंध पांच – छः: वर्षों को छोड़कर सदैव कटुतापूर्ण रहे। साइमन कमीशन का विरोध करने तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन चलाने में मुस्लिम लीग ने गांधी जी का साथ नहीं दिया। **1939** ई० में जब

www.mseducationtv.com

ब्रिटिश सरकार की मनमानी नीतियों के विरोध में कांग्रेस के मंत्रिमंडल ने त्यागपत्र दे दिया तो जिन्ना ने मुसलमानों को मुक्ति दिवस मनाने के लिए कहा । 1940 ईस्वी में मुस्लिम लीग ने मुसलमान के लिए पृथक स्वतंत्र देश पाकिस्तान की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित करके अलग स्वतंत्र राज्य के लिए संघर्ष करना आरंभ कर दिया। इस प्रकार मुस्लिम लीग की सांप्रदायिकता के कारण ही पाकिस्तान एक अलग देश के रूप में अस्तित्व में आया । उसने राष्ट्रीय आंदोलन से दूरी बना ली तथा वेवल एवं कैबिनेट योजना को असफल कर दिया। वह हर उस प्रस्ताव का विरोध करता रहा जिसमें पाकिस्तान का समर्थन नहीं था। उसने दंगे व कत्ले – आम करवा कर कांग्रेस पर दबाव बनाया तथा पाकिस्तान बनवाने में सफल हो गया।

**29. 1** पाकिस्तान को एक अलग राष्ट्र के रूप में स्थापित करने वाला संगठन कौन सा था?

**29. 2** प्रत्यक्ष कार्यवाही दिवस क्या था?

**29. 3** मुस्लिम लीग के द्वारा कांग्रेस का विरोध किस प्रकार किया गया?

**The main cause of India's partition was the communal ideology of the Muslim League. Established in 1906 with the encouragement of the British government, the Muslim League had clearly stated its objective of protecting the interests of Indian Muslims as a separate political entity. The Muslim League's relationship with the Congress was strained, except for a brief period of five to six years. It did not support Gandhi in opposing the Simon Commission or in launching the Civil Disobedience Movement. In 1939, when the Congress ministries resigned in protest against the British government's arbitrary policies, Jinnah called on Muslims to observe "Deliverance Day." In 1940, the Muslim League passed a resolution demanding a separate independent country, Pakistan, for Muslims, and began a struggle for a separate state. Thus, it was the communalism of the Muslim League that led to the creation of Pakistan as a separate country. He distanced himself from the national movement and thwarted the Wavell and Cabinet plans. He opposed every proposal that did not support Pakistan. By orchestrating riots and violence, he pressured the Congress and succeeded in creating Pakistan.**

**29.1. Which organization was instrumental in establishing Pakistan as a separate nation?**

**29.2. What was Direct Action Day?**

**29.3. How did the Muslim League oppose the Congress?**

**30.** भारत की लगभग आधी आबादी केवल पांच राज्यों में निवास करती है। यह राज्य हैं उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र ,बिहार ,पश्चिम बंगाल एवं आंध्र प्रदेश। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा राज्य है जिसकी आबादी भारत की कुल जनसंख्या का लगभग केवल 5.5% है। 2011 में भारत का जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति वर्ग

www.mseducationtv.com

किलोमीटर था। जहां बिहार का जनसंख्या घनत्व 1102 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है वहीं अरुणाचल प्रदेश में यह 17 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है। पर्वतीय क्षेत्र तथा प्रतिकूल जलवायु अवस्थाएं इन क्षेत्रों की विरल जनसंख्या के लिए उत्तरदायी हैं। असम एवं अधिकतर प्रायद्वीपीय राज्यों का जनसंख्या घनत्व मध्यम है। पहाड़ी, कटे छठे एवं पथरीले भूभाग, मध्यम से कम वर्षा एवं कम उपजाऊ मिट्टी इन राज्यों के जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करती हैं। उत्तरी मैदान भाग एवं दक्षिण में केरल का जनसंख्या घनत्व बहुत अधिक है क्योंकि यहां समतल मैदान एवं उपजाऊ मिट्टी पाई जाती है तथा पर्याप्त मात्रा में वर्षा होती है।

**30. 1** जनसंख्या घनत्व से क्या अभिप्राय है?

**30.2** जनसंख्या घनत्व अधिक होने के क्या–क्या कारक हो सकते हैं?

**30.3** क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद भी यहां जनसंख्या घनत्व कम क्यों है?

**Nearly half of India's population resides in just five states: Uttar Pradesh, Maharashtra, Bihar, West Bengal, and Andhra Pradesh. Rajasthan is the largest state in terms of area, but its population accounts for only about 5.5% of India's total population. In 2011, India's population density was 382 persons per square kilometer. Bihar had a high population density of 1102 persons per square kilometer, while Arunachal Pradesh had a low density of 17 persons per square kilometer. Mountainous regions and unfavorable climate conditions are responsible for the sparse population in these areas. Assam and most peninsular states have a moderate population density. The hilly, dissected, and rocky terrain, moderate to low rainfall, and less fertile soil affect the population density in these states. The northern plains and Kerala in the south have a very high population density due to the presence of flat plains, fertile soil, and adequate rainfall.**

**30.1. What is meant by population density?**

**30.2. What are the factors that can lead to high population density?**

**30.3. Why is the population density low in Rajasthan despite being the largest state in terms of area?**

**31.** पाकिस्तान में जनरल प्रवेश मुशर्रफ ने अक्टूबर 1999 में सैनिक तख्तापलट की अगुवाई की। उन्होंने लोकतांत्रिक ढंग से चुनी सरकार को उखाड़ फेंका और खुद को देश का मुख्य कार्यकारी घोषित किया। बाद में उन्होंने खुद को राष्ट्रपति घोषित किया और 2002 में एक जनमत संग्रह कराकर अपना कार्यकाल 5 साल के लिए बढवा लिया। पाकिस्तान मीडिया मानव अधिकार संगठन और लोकतंत्र के लिए काम करने वालों ने आरोप लगाया कि जनमत संग्रह एक धोखाधड़ी है और इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की गई हैं।अगस्त 2002 में उन्होंने लीगल फ्रेमवर्क ऑर्डर के जरिए पाकिस्तान के संविधान को बदल डाला। इस आर्डर के अनुसार राष्ट्रपति, राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबलियों को भंग कर सकता है। मंत्री परिषद के कामकाज पर एक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद

www.mseducationtv.com

की निगरानी रहती है। इसके ज्यादातर सदस्य फौजी अधिकारी हैं। इस कानून के पास हो जाने के बाद राष्ट्रीय और प्रांतीय असेंबलियों के लिए चुनाव कराए गए। इस प्रकार पाकिस्तान में चुनाव भी हुए चुने हुए प्रतिनिधियों को कुछ अधिकार भी मिले लेकिन सर्वोच्च सत्ता सेना के पास रही।

**31.1** जनमत संग्रह शब्द से क्या अभिप्राय है?

**31.2** सैनिक तख्तापलट से क्या अभिप्राय है?

**31.3** अगस्त **2002** में लीगल फ्रेमवर्क ऑर्डर के जरिए पाकिस्तान के संविधान में संशोधन के तहत राष्ट्रपति को क्या अधिकार मिला?

**In Pakistan, General Pervez Musharraf led a military coup in October 1999, overthrowing the democratically elected government and declaring himself the Chief Executive. Later, he declared himself President and extended his term for five years through a 2002 referendum, which was widely criticized by Pakistan's media, human rights organizations, and democracy activists for alleged large-scale irregularities. Musharraf also introduced the Legal Framework Order, amending Pakistan's constitution to grant the President authority to dissolve national and provincial assemblies. A National Security Council, primarily comprising military officers, oversaw the ministerial council's work. Although elections were held for national and provincial assemblies, the military retained supreme power.**

**31.1. What is meant by referendum?**

**31.2. What is meant by military coup?**

**31.3. What powers did the President get under the Legal Framework Order (LFO) amendment to the Constitution of Pakistan in August 2002?**

**32.** पालमपुर में एक वर्ष में किसान तीन अलग-अलग फसलें इसलिए पैदा कर पाते हैं, क्योंकि वहां सिंचाई की सुविकसित व्यवस्था है। पालमपुर में बिजली जल्दी ही आ गई थी। उसका मुख्य प्रभाव यह पड़ा कि सिंचाई की पद्धति ही बदल गई। तब तक किसान कुओं से रहट द्वारा पानी निकाल कर छोटे-छोटे खेतों की सिंचाई किया करते थे। लोगों ने देखा कि बिजली से चलने वाले नलकूपों से ज्यादा प्रभावकारी ढंग से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की जा सकती थी। प्रारंभ में कुछ नलकूप सरकार द्वारा लगाए गए थे पर जल्दी ही किसानों ने अपने निजी नलकूप लगाने प्रारंभ कर दिए। परिणामस्वरुप **1970** के दशक के मध्य तक **200** हेक्टेयर के पूरे जुते हुए क्षेत्र की सिंचाई होने लगी। एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से ज्यादा फसल पैदा करने को बहुविध फसल प्रणाली कहते हैं। यह भूमि के किसी एक टुकड़े में उपज बढ़ाने की सबसे सामान्य प्रणाली है। पालमपुर में सभी किसान कम से कम दो मुख्य फसलें पैदा करते हैं। कई किसान पिछले पंद्रह - बीस वर्षों से तीसरी फसल के रूप में आलू पैदा कर रहें हैं।

www.mseducationtv.com

**32. 1 कृषि का संबंध अर्थव्यवस्था के किस क्षेत्रक से है?**

**32.2 पालमपुर में सिंचाई की पद्धति किस प्रकार बदल गई ?**

**32. 3 बहुविध फसल प्रणाली से क्या अभिप्राय है?**

**In Palampur, farmers are able to grow three different crops in a year because of a well-developed irrigation system. The introduction of electricity had a significant impact on irrigation methods. Prior to this, farmers used to irrigate their small fields using traditional methods like Persian wheels. With the advent of electricity, farmers began using electric tube wells, which proved to be more effective for irrigating larger areas. Initially, some tube wells were installed by the government, but soon farmers started installing their own private tube wells. As a result, by the mid-1970s, almost 200 hectares of land were being irrigated. Growing more than one crop on a piece of land in a year is known as multiple cropping. This is a common practice to increase production from the same land. In Palampur, all farmers grow at least two main crops. Some farmers have been growing potatoes as a third crop for the past 15-20 years.**

**32.1. Which sector of the economy is agriculture related to?**

**32.2. How has the irrigation system changed in Palampur?**

**32.3. What is meant by multiple cropping system?**

## Section – D
## Short Answer Type Questions
## खंड – D
## लघु उत्तरीय प्रश्न

33. Describe the repressive policies of Lord Lytton.
लॉर्ड लिटन की दमनकारी नीतियों का वर्णन कीजिए।

34. Distinguish between desert and mountain forests.
मरुस्थलीय और पर्वतीय वनों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

35. Mention three features of a democratic election.
लोकतांत्रिक चुनाव की तीन विशेषताएँ लिखिए।

36. What is the Public Distribution System in India?
भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है?

www.mseducationtv.com

**Section – E**
**Essay Type Questions**
**खंड – E**
**निबंधात्मक प्रश्न**

37. Explain the origin and spread of the Non-Cooperation Movement.
असहयोग आंदोलन की उत्पत्ति तथा प्रसार की व्याख्या कीजिए।

Or

Discuss the role of the Dandi March in the Indian struggle for independence.
भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दांडी मार्च की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

38. Compare the Northern Plains and the Peninsular Plateau.
उत्तरी मैदान और प्रायद्वीपीय पठार की तुलना कीजिए।

Or

Describe the Indian desert and its main features.
भारतीय मरुस्थल तथा उसकी मुख्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

39. Describe the powers and functions of the Prime Minister of India.
भारत के प्रधानमंत्री की शक्तियों तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।

Or

Describe the powers and functions of the President of India.
भारत के राष्ट्रपति की शक्तियों तथा कार्यों का वर्णन कीजिए।

**Section – F (1x5)**
**(MAP SKILL BASED QUESTION)(2+3=5)**
**Q.40 A. On the given outline map of World show the following places:**
**विश्व के दिए गए रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए:**

**Famous places of 1857 revolt**

- Awadh — अवध
- Delhi — दिल्ली

www.mseducationtv.com

**Q.40 B. On the given outline map of India show the following places: 3**

भारत के दिए गए रूपरेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए:

- Coromandal Coast — कोरोमंडल तट
- Sariska National Park — सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान
- Ganga River — गंगा नदी

www.mseducationtv.com